Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 26 जुलाई, 2023

हेली शिखर सम्मेलन 2023 और UDAN 5.2

हाल ही में नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने **हेलीकॉप्टर और छोटे विमानों के माध्यम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी** पर ध्यान केंद्रित करते हुए मध्य प्रदेश के **खजुराहो में हेली शिखर सम्मेलन 2023 और UDAN 5.2 का उद्घाटन** किया।

- मध्य प्रदेश सरकार के **नागरिक उड्डयन मंत्रालय, पवन हंस लिमिटेड और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की)** द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हेली शिखर सम्मलेन 2023 हेलीकॉप्टर और छोटे विमानों के माध्यम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पर बल देता है।
- UDAN 5.2 का लक्ष्य **दूरदराज़ तथा स्थानीय क्षेत्रों** में छोटे विमानों **(श्रेणी 1A <9 सीटें और श्रेणी 1 <20 सीटें)** के साथ **लास्ट-माइल कनेक्टिविटी** हासिल करना है।
- UDAN 5.2 **व्यवहार्यता अंतराल अनुदान (Viability Gap Funding- VGF)** को बढ़ाता है तथा पहुँच बढ़ाने के लिये **किराया सीमा को कम** करता है।
- निर्बाध संचालन हेतु **हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों और ज़िला अधिकारियों** के बीच एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिये **हेली सेवा मोबाइल एप्लीकेशन** लॉन्च किया गया है।

और पढ़ें… UDAN 5.0 योजना

मिशन शक्ति- महिलाओं के सशक्तीकरण का केंद्र

हाल ही में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत **राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (NIPCCD)** ने राज्य नोडल अधिकारियों तथा राज्य मिशन समन्वयकों के लिये **'महिला सशक्तीकरण के लिये मिशन शक्ति- हब'** पर **पहला क्षमता निर्माण कार्यक्रम** आयोजित किया।

- NIPCCD **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान** है जो महिला एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में **स्वैच्छिक कार्रवाई, अनुसंधान, प्रशिक्षण और दस्तावेज़ीकरण को बढ़ावा देने के लिये** कार्य करता है।
- इसकी **स्थापना वर्ष 1966** में हुई थी तथा इसका **मुख्यालय दिल्ली** में है एवं **चार क्षेत्रीय केंद्र बंगलूरू, गुवाहाटी, इंदौर और लखनऊ** में हैं।
- मिशन शक्ति योजना **महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, हिंसा से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ श्रम बल में उनकी भागीदारी बढ़ाने पर केंद्रित** है।
  - **'मिशन शक्ति' में दो उप-योजनाएँ शामिल** हैं- महिलाओं की **सुरक्षा के लिये 'संबल'** और उनके **सशक्तीकरण के लिये 'सामर्थ्य'**।
    - **संबल** में लैंगिक न्याय के लिये **वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा नारी अदालत** जैसे घटक शामिल हैं।
    - **सामर्थ्य** में आर्थिक सशक्तीकरण के लिये कोष अंतराल के एक नए घटक के साथ-साथ **स्वाधार गृह, कामकाजी महिला छात्रावास, राष्ट्रीय क्रेच योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** जैसी योजनाएँ शामिल हैं।
  - **महिलाओं के सशक्तीकरण के लिये हब, सामर्थ्य उप-योजना के अंतर्गत एक पहल है।**



//

बटागाइका क्रेटर

रूस का बटागाइका क्रेटर, विश्व का सबसे बड़ा **1 किमी. लंबा** परमाफ्रॉस्ट **क्रेटर है, जो** ग्लोबल वार्मिंग और परमाफ्रॉस्ट के पिघलने के कारण फैलता है।

- निर्वनीकरण से भूमिगत परमाफ्रॉस्ट पिघलने लगा, जिससे **रूस के साखा गणराज्य (Sakha Republic)** में क्रेटर का विकास हुआ। इसमें खतरनाक जैविक कार्बन भी मौजूद है, जो **ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ा रहा है।**
- रूस में तापमान चिंताजनक दर से बढ़ रहा है, **जो वैश्विक औसत से लगभग 2.5 गुना अधिक तीव्र है।**
- परिणामस्वरूप देश के लंबे समय से जमे हुए टुंड्रा के बड़े क्षेत्र,**जो इसके लगभग 65% भूभाग को कवर करते हैं,** पिघल रहे हैं, जिससे **मीथेन जैसी शक्तिशाली** ग्रीनहाउस गैसें **निकल रही हैं।**
- परमाफ्रॉस्ट वह **भूमि है जो लगातार कम-से-कम दो वर्षों तक पूरी तरह से जमी रहती है - 32°F (0°C) या इससे अधिक ठंडी।**
  - ये स्थायी रूप से जमे हुए मैदान ऊँचे पहाड़ों वाले क्षेत्रों और पृथ्वी के उच्च अक्षांशों में सबसे आम हैं**उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के पास।**

और पढ़ें... [परमाफ्रॉस्ट](), [ग्लोबल वार्मिंग]()

WHO के अद्यतन HIV और Mpox दिशा-निर्देश

[विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)]() ने **12वें अंतर्राष्ट्रीय AIDS सोसायटी सम्मेलन** के दौरान [मानव इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV)]() पर अद्यतन मार्गदर्शन प्रस्तुत किया।

- दिशा-निर्देश व्यक्तिगत स्वास्थ्य में सुधार और वायरस संचरण को रोकने में **HIV वायरल के दमन और अज्ञात वायरस स्तरों के महत्त्व** पर ज़ोर देते हैं।
- इसके अतिरिक्त **WHO ने देशों से मौजूदा HIV और यौन संचारित संक्रमण कार्यक्रमों के साथ [Mpox (मंकीपॉक्स)]() का पता लगाने, रोकथाम एवं एकीकृत देखभाल करने का आग्रह किया।**
    - Mpox एक वायरल बीमारी है जो **मंकीपॉक्स वायरस, जीनस ऑर्थोपॉक्सवायरस (Genus Orthopoxvirus)** की एक प्रजाति के कारण होती है।
    - यह किसी संक्रामक व्यक्ति, दूषित सामग्री या संक्रमित पशुओं के साथ शारीरिक संपर्क के माध्यम से मनुष्यों में फैल सकता है।
    - **वर्ष 2022-2023 में Mpox के बहु-देशीय प्रकोप में 82,000 से अधिक मामले सामने आए, जिनमें से लगभग 32,000 HIV** से जुड़े थे।
- दिशा-निर्देशों ने अज्ञात वायरस स्तर प्राप्त होने **पर HIV संचरण को रोकने में** [एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (ART)]() की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला

और पढ़ें... [विश्व स्वास्थ्य संगठन](), [HIV](), [मंकीपॉक्स]()